**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 08.01.2026** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री मोदी ने कहा—सोमनाथ से राम जन्मभूमि तक का बदलाव आत्मविश्वास से भरे भारत का प्रतीक ।**
- **गुवाहाटी में बोले मुख्यमंत्री—देवी अहिल्याबाई के समय से ही रेशमी साड़ियों की समृद्ध परंपरा; टेक्सटाइल मेले में स्टेट पार्टनर होगा प्रदेश।**
- **पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए अब CUET-PG अनिवार्य; आवेदन की अंतिम तिथि 14 जनवरी निर्धारित।**
- **मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं सिंधु; जापानी खिलाड़ी को सीधे गेम में दी मात।**

**सोमनाथ स्वाभिमान पर्व**

सोमनाथ मंदिर की शाश्वत भावना का उत्सव मनाने के लिए चार दिवसीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, आज से पूरे उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ शुरू हुआ। इस वर्ष सोमनाथ मंदिर पर जनवरी एक हजार 26 को हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसी वर्ष पुनर्निमित मंदिर के 1951 में दोबारा खुलने की 75वीं वर्षगांठ भी मनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सोमनाथ मंदिर भारत की शाश्वत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के महत्व पर आज संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लेख का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में सोमनाथ से लेकर राम जन्मभूमि तक जो बड़ा बदलाव हुआ है वह इस बात को दर्शाता है कि किस तरह भारत एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र के रूप में उभरा है, जिसे अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व है।

**वस्त्र सम्मेलन**

मुख्यमंत्री ॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के काल से ही महेश्वरी और चंदेरी जैसी उत्कृष्ट रेशमी साड़ियों को प्रोत्साहन देने की समृद्ध परंपरा रही है। ॉ. यादव आज असम के गुवाहाटी में आयोजित वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के टेक्सटाइल सेक्टर की संभावनाओं, निवेशक-अनुकूल नीतियों और रोजगार सृजन पर विचार साझा किए। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी टेक्सटाइल मेले में मध्यप्रदेश स्टेट

पार्टनर रहेगा। वहीं पीएम मित्र पार्क के माध्यम से देशभर में बड़े निवेश और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद जताई गई। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार की सराहना कि ..

**प्रगति**

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख मंच प्रगति ने 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में प्रगति का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। प्रगति ने केंद्र, राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों को एकल ▯िजिटल मंच पर लाकर सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रगति से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय होने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में, आज हम महाराष्ट्र में सोलापुर सुपर थर्मल पावर स्टेशन पर एक नज़र ▯ालते हैं।

**शिवराज संवाद**

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में आईसीएआर और भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि आदरणीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' का सपना गांव और खेती से जुड़ा है। गांव गरीबी मुक्त, रोजगारयुक्त, स्वावलंबी और समृद्ध बनें—यह हमारी प्राथमिकता है। किसान सशक्त हों, उनकी आय बढ़े और उपज का उचित मूल्य मिले, इसके लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करना होगा।

**एंट्रेंस टेस्ट**

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर अर्थात पीजी कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित किया है कि कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट देना अनिवार्य है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सीयूईटी-पीजी उत्तीर्ण करने के बाद ही पीजी में प्रवेश मिलेगा।सीयूईटी-पीजी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी और परीक्षा का संचालन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जाएगा। विभाग ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन कर परीक्षा की तैयारी सुनिश्चित करें।

**विकसित भारत G RAM G**

महिला एवं बाल विकास मंत्री एवं नीमच जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि विकसित भारत-ग्रामीण आजीविका मिशन गारंटी (VB-G RAM G) अधिनियम, 2025 ग्रामीण भारत के लिए नए युग की शुरुआत है। यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि यह कानून महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप गरीबों, जनजातीय और पिछड़े वर्गों को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाया गया है। वन क्षेत्रों में कार्य करने वाले परिवारों को 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार भी प्रदान किया जाएगा।

**गुलाब प्रदर्शनी**

गुलाब उद्यान में आयोजित होने वाली 45वीं गुलाब प्रदर्शनी के द्वितीय इवेंट "गमलों में गुलाब" की प्रविष्टियाँ 9 जनवरी को प्रातः 8 से 10 बजे तक गुलाब उद्यान परिसर में ली जाएगी। आयुक्त उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण अरविन्द दुबे ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाँति गुलाब उद्यान परिसर में गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक किया जा रहा है। गुलाब के प्रति आम लोगों के रूझान को देखते हुए गुलाब उत्पादकों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

**बैडमिंटन - मलेशिया ओपन**

भारत की पीवी सिंधु ने कुआलालंपुर में मलेशिया ओपन बै□मिंटन टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने आज जापान की टोमोको मियाज़ाकी को हराया रोमांचक मुकाबले में 32 मिनट से मात दी। सिंधु चौथी बार मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। कल क्वार्टर फाइनल में सिंधु का मुकाबला जापान की अकाने यामागुची या चीन की गाओ फांग जी से होगा।

**मौसम**

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का कहर जारी है। शह□ोल जिले के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 7 □िग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। कई जिलों में रात का पारा 3 □िग्री से नीचे चला गया है। प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे दृश्यता कम रही और रेल यातायात प्रभावित हुआ। दिल्ली से आने वाली एक दर्जन से अधिक ट्रेनें 2 से 6 घंटे तक देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले 2-3 दिनों में ठं□ और बढ़ने की संभावना है। लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है।

**संक्षिप्त समाचार**

- झाबुआ कलेक्टर की अध्यक्षता में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला मुख्यालय पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
- अशोकनगर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में सेवा सहकारी समिति, सर्विस सेन्टर एवं बैंकों के माध्यम से कृषक 15 जनवरी तक अपनी अधिसूचित फसलों फसल का बीमा करा सकते हैं।
- श्योपुर जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम एवं जन-जागरूकता हेतु विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।
- समाधान योजना के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिलों में राहत प्रदान करने हेतु आगरमालवा जिले में निरंतर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कल ग्राम भ्याना में शिविर आयोजित किया जाएगा।
- शाजापुर जिले में भी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को ‘युवा दिवस‘ के रूप में मनाने के अवसर पर आगामी 12 जनवरी को जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- सीहोर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि 20 जनवरी तक निर्धारित की गई है। इसके साथ ही धान विक्रय हेतु किसानों को 13 जनवरी से स्लॉट बुकिंग की सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।

--------------------------